राजस्थान सरकार

आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग

खाद्य भवन, भूतल शासन सचिवालय जयपुर

क्रमांक एफ.2(9)()आ.प्र.एवं सहा./लेखा/बजट/2025–26/ दिनांक

समस्त
जिला कलक्टर (सहायता)
राजस्थान।

विषयः–एसडीआरएफ मद में बाढ/अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सडको/परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत के कार्यों के लिए जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति को पुनर्वैध कराने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत विभागीय पोर्टल डीएमआईएस पर एसडीआरएफ मद में मानसून 2024 एवं पूर्व के वर्षो के लिये बाढ/अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सडको/परिसम्पत्तियों/लघु सिंचाई परियोजनाओं आदि की तात्कालिक मरम्मत के कार्यों के बिलो के लिये गत वर्ष बजट आंवटन कर दिया गया था। वित्तीय वर्ष के अन्त में ईसीएस न होने आदि कारणों से पुनः बजट की मांग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024–25 एवं पूर्व के वर्षो में जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति उसी वित्तीय वर्ष के लिये प्रभार्य थी, जैसा कि स्वीकृति में भी अंकित हैं। इसलिए पुनः बजट आंवटित किये जाने के लिए गत वर्षों में जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति को सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं बजट मैन्यअल के अनुसार पुनर्वैद्य/नवीनीकृत किया जाना आवश्यक है। तदुपरान्त ही ऐसी मांगों पर बजट आंवटन की कार्यवाही की सकेगी।

अतः इस कार्य के लिये जारी स्वीकृतियों का नवीनीकरण कराकर ही बजट की मांग पोर्टल पर भिजवाये ।

(भगवत सिहं)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1.समस्त प्रभारी अधिकारी, आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग,जयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagwat Singh
Designation : Joint Secretary To Government
Date: 2025.06.17 16:07:46 IST
Reason: Approved

संयुक्त शासन सचिव